>

Title: Need to include 'KANU' caste of Bihar in the list of Scheduled Castes--Laid.

*m01

श्री राम कृपाल यादव (पटना) : महोदय, बिहार में "कानू" जाति को अनुसूचित जाति में शामिल करने के लिए काफी समय से मांग की जा रही है। अभी हाल में कानू विकास संघ के चतुर्थ राज्य सम्मेलन में भी यह मांग जोर-शोर से उठाई गई है। राज्य सरकार ने भी इस विषय को बिहार के दोनों सदनों से पारित कराकर केन्द्र सरकार के पास भेज दिया है, किंतु इस पर सरकार कोई कदम नहीं उठा रही है। राज्य में "कानू" जाति की स्थिति अत्यंत दयनीय है और आर्थिक दशा बहुत कमजोर है। पिछड़ी जाति (ओबीसी) का दर्जा मिलने के बाद भी इनका विकास समुचित ढंग से नहीं हो पाया है। अतः अगर इस जाति को अनुसूचित जाति में शामिल किया जाता है तो कमजोर वर्ग के लोगों को आरक्षण के द्वारा आर्थिक और सामाजिक स्थिति में सुधार किया जा सकता है। मैं माननीय प्रधानमंत्री जी का ध्यान इस अत्यंत महत्वपूर्ण विषय की ओर आकृÂष्ट करना चाहता हूं और आग्रह करता हूं कि इसी सत्र में इसको शामिल करने की प्रक्रिया शुरू की जाये।